भूमिगत मार्ग पर मेट्रो 3 का परीक्षण शुरू

मुंबई (यशोडेस्क), कोलाबा बांद्रा सिप्ज मेट्रो 3 लाइन के भूमिगत मार्ग के दौरान मेट्रो प्रोटोटाइप ट्रेन का परीक्षण शुरू हो गया है और मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन यानी एमएमआरसीएल ने रविवार को मेट्रो के भूमिगत मार्ग का एक वीडियो जारी किया। इस वीडियो को जारी करते हुए कहा गया है कि स्मार्ट एलईडी लाइटिंग सिस्टम से ऊर्जा की खपत कम होगी। कुछ दिनों पहले एमएमआरसीएल ने आधिकारिक तौर पर इसे पूरा करने की घोषणा की थी। मेट्रो 3 मार्ग के वाहनों का ईंधन खपत प्रति दिन 3.54 लाख लीटर कम हो जाएगा तथा. कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन 2.61 लाख टन कम हो जाएगा और पूरे मार्ग के दौरान वायु और ध्वनि प्रदूषण 35% कम हो जाएगा। फिलहाल रेलवे सुरक्षा प्रमाण पत्र और अन्य प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद मेट्रो 3 का पहला चरण सर्वसामान्य की सेवा में दाखिल होगी।